**पत्रांक:** BRLPS/LSBA/Proj/172/20/206 **दिनांक:** 02.08.2021

प्रेषक,

**बालामुरुगन डी.,** भा०प्र०से०
सचिव, ग्रामीण विकास विभाग-सह-मिशन निदेशक।

सेवा में,

**सभी जिला पदाधिकारी-सह-अध्यक्ष,**
जिला जल एवं स्वच्छता समिति, बिहार।

**विषय-** **'स्वच्छ गाँव-हमारा गौरव' BCC अभियान का संचालन अगस्त 2021 से पुन: प्रारंभ करते हुए मार्च 2022 तक कराये जाने के संबध में।**

**प्रसंग-** **पत्रांक- 284974 ग्रा. वि.- (स्वच्छता)- 11/2019, ग्रामीण विकास विभाग, दिनांक 02.09.2020 एवं कार्यालय का पत्रांक BRLPS/LSBA/Proj/172/20/1009 दिनांक 31.03.2021।**

महाशय,

उपर्युक्त प्रसंगाधीन विषय के संबंध में सूचित करना है कि लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अंतर्गत 'खुले में शौच से मुक्ति' के स्थायित्व एवं संपूर्ण स्वच्छता हेतु व्यवहार परिवर्तन को चिरस्थायी बनाए रखने के लिए राज्य के सभी ग्राम पंचायतों में सितंबर, 2020 से अप्रैल, 2021 तक प्रत्येक माह में एक सप्ताह अवधि का (साप्ताहिक) **'स्वच्छ गाँव - हमारा गौरव'** विशेष BCC अभियान का संचालन कराया गया है।

**'स्वच्छ गाँव - हमारा गौरव'** अभियान का संचालन अगस्त, 2021 से पुन: प्रारम्भ करते हुए मार्च, 2022 तक प्रासंगिक पत्र-सह-निदेश के अनुसार करने हेतु संबंधित को निदेशित किया जाय ताकि जिला में 'खुले में शौच से मुक्ति' का स्थायित्व को बनाये रखते हुये लक्षित ग्राम पंचायतों में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के प्रति जनजागरूकता के माध्यम से समुदाय का व्यवहार परिवर्तन किया जा सके। इस विशेष BCC अभियान अंतर्गत संचालित होने वाले दैनिक गतिविधियों की रूपरेखा एवं माह विशेष हेतु मुख्य संदेश (Key Messages) पत्र के साथ संलग्न है।

विश्वासभाजन,

**अनुलग्नक : यथोक्त।**

**(बालामुरुगन डी.)**

**ज्ञापांक :** BRLPS/LSBA/Dovj/172/20/206 **दिनांक :** 02.08.2021

प्रतिलिपि: सभी जिला समन्वयक एवं जिला सलाहकार, जिला जल एवं स्वच्छता समिति, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि: सभी निदेशक-सह-सदस्य सचिव, जिला जल एवं स्वच्छता समिति, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि: सभी उप विकास आयुक्त-सह-उपाध्यक्ष, जिला जल एवं स्वच्छता समिति, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि: प्रधान सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार सरकार को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

02/08/2021

**(बालामुरुगन डी.)**

**"स्वच्छ गांव-हमारा गौरव' अभियान अंतर्गत अगस्त, 2021 से मार्च, 2022 तक**

**जन-जागरूकता हेतु थीम / संदेश**

| माह | थीम/संदेश | मुख्य संदेश (Key Messages) / कार्य |
|---|---|---|
| **अगस्त, 2021 एवं सितंबर, 2021** | **'खुले में शौच से मुक्ति' एवं व्यवहार परिवर्तन का स्थायित्व** | 1- परिवार के सभी सदस्यों द्वारा सदैव व्यक्तिगत शौचालय (IHHL) का उपयोग।<br>2- शौचालय की समुचित सफाई एवं रखरखाव।<br>3- सामुदायिक स्वच्छता परिसर (CSC) से संबद्ध परिवारों / समुदाय को CSC के नियमित उपयोग तथा उसके समुचित रख-रखाव तथा नियमित साफ-सफाई हेतु उत्प्रेरण। |
| **अक्टूबर, 2021 एवं नवंबर, 2021** | **व्यक्तिगत शौचालय (IHHL) की मरम्मत (Retrofitting) / रखरखाव** | 1-शौचालय की निर्माण तकनीक पर्यावरण अनुकूल हो, इसके प्रति जन-जागरूकता।<br>2-व्यक्तिगत शौचालय में सामान्य टूटफूट होने पर मरम्मत / रेट्रोफिटिंग हेतु उत्प्रेरण।<br>3- दो गड्ढे वाले शौचालय में तकनीकी दोष दूर करना यथा- सिंगल पिट को डबल पिट करना, पाइप की गलत फिटिंग को ठीक कराना, वाई-जंक्शन की कमी दूर कराना आदि।<br>4- सेप्टिक टैंक से निकलने वाले ब्लैक - वाटर (मलमिश्रित पानी) को सोख्ता गडढ़ा बनाकर उसका समुचित निस्तारण के बारे में जागरूक करना। |
| **दिसंबर, 2021 एवं जनवरी, 2022** | **ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के प्रति समुदाय को जागरूक करना** | 1-अपशिष्ट प्रबंधन के बुनियादी सिद्धांत "3 R" : Reduce ( कचरा सृजन में कमी) / Reuse (पुनः उपयोग) और Recycle (पुनः चक्रण) को बढावा देना।<br>2-घरेलू स्तर (स्रोत) पर अपशिष्ट का जैविक एवं अजैविक दो हिस्सों में पृथ्थकरण एवं समुचित निष्पादन के प्रति समुदाय को जागरूक करना<br>3-जैविक अपशिष्ट की व्यक्तिगत एवं सामुदायिक स्तर पर कंपोस्टिंग विधि द्वारा निष्पादन के बारे में जागरूकता।<br>4-प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन (खासकर सिंगल यूज प्लास्टिक को नकारने एवं इसके बदले कागज, कपड़ा एवं जूट के बने थैले को अपनाने के प्रति समुदाय को प्रोत्साहित करना)। |
| **फरवरी, 2022 एवं मार्च, 2022 तक** | **तरल अपशिष्ट प्रबंधन, मलयुक्त कीचड़ प्रबंधन** | 1-घर से निकलने वाला बेकार पानी / धूसर जल (Grey Water): सोख्ता गड्ढा, मैजिक पिट,लीच पिट, बागवानी या किचन गार्डन के माध्यम से निष्पादन<br>2- सैप्टिक टैंक से निकलने वाले काला जल (Black Water) का सोख्ता बनाकर प्रबंधन<br>3-मलयुक्त कीचड़ प्रबंधन (FSM) |

**साप्ताहिक 'स्वच्छ गांव- हमारा गौरव' अभियान (संचालन अवधि- अगस्त 2021 से मार्च 2022) अंतर्गत**

**दैनिक गतिविधियों की रूपरेखा**

| | |
|---|---|
| **पहला दिन** | **1-जिला स्तर**: अभियान अंतर्गत माह के मुख्य संदेशों को लेकर संचालित सप्ताहिक अभियान के बारे में जिला जल एवं स्वच्छता समिति के अध्यक्ष / उपाध्यक्ष द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ। अभियान अवधि में स्थानीय अखबारों में जनजागरूकता संदेश, संचालित गतिविधियों एवं सक्सेस स्टोरी का नि:शुल्क प्रकाशन<br>**2-गांव स्तर :** स्वच्छाग्रही, नोडल कर्मी, निगरानी समिति सदस्यों, PRI Member-मुखिया, वार्ड मेंमर, जीविका दीदियों, समुदाय के लोगों के साथ बैठक कर गांव को ODF बनाये रखने, स्वच्छ आदतों को अपनाने तथा SGHG अभियान अंतर्गत माह विशेष के मुख्य संदेशों के बारे में चर्चा किया जाना। बैठक के समापन पर 'गांव को खुले में शौच से मुक्त' बनाए रखने हेतु संकल्प लिया जाना।<br>**3-गांव स्तर:** सुबह-शाम निगरानी, फॉलोअप सहित पत्रांक 284974 ग्रा. वि. 15 (स्वच्छता) –11 / 2019 दिनांक 02.09.2020 के बिंदु 5.00 में निदेशित स्थायी गतिविधियां |
| **दूसरा दिन** | **1-गांव स्तर** : शौचालय का नियमित उपयोग, व्यवहार परिवर्तन के स्थायित्व तथा शौचालय की रेट्रोफिटिंग हेतु चिन्हित समुदाय / व्यक्ति के घर जाकर (डोर-टू-डोर) IPC / BCC<br>2-**गांव स्तर:** सुबह-शाम निगरानी, फॉलोअप सहित पत्रांक 284974 के बिंदु 5.00 में निदेशित स्थायी गतिविधियां |
| **तीसरा दिन** | **1-गांव स्तर:** -पंचायत भवन, आंगनबाड़ी केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर श्रमदान द्वारा सामूहिक सफाई अभियान का संचालन एवं माह विशेष के मुख्य संदेशों के बारे में सामूहिक चर्चा, जनजागरूकता एवं स्वच्छता शपथ ग्रहण।<br>**2-गांव स्तर** : शौचालय का नियमित उपयोग, व्यवहार परिवर्तन के स्थायित्व तथा शौचालय की रेट्रोफिटिंग हेतु चिन्हित समुदाय / व्यक्ति के घर जाकर (डोर-टू-डोर) IPC / BCC<br>**3- गांव स्तर:** सुबह-शाम निगरानी, फॉलोअप सहित पत्रांक 284974 के बिंदु 5.00 में निदेशित स्थायी गतिविधियां |
| **चौथा दिन** | **जिला एवं प्रखंड स्तर:**<br>1. कक्षा छह से आठ के लिए चित्रकला प्रतियोगिता एवं एवं कक्षा नौवीं से बारहवीं के लिए निबंध प्रतियोगिता (ऑनलाइन / ऑफलाइन) एवं SLTS गतिविधियों का संचालन<br>**चित्रकला निबंध प्रतियोगिता हेतु विषय -**<br>**अगस्त 2021- शौचालय का उपयोग हमेशा, हर कोई, हर रोज**<br>**सितंबर 2021- खुले में शौच से मुक्त गांव के फायदे**<br>**अक्टूबर 2021- प्लास्टिक कचरे का प्रबंधन: पॉलीथीन बैग को छोड़ो, कपड़े - कागज के थैले से नाता जोड़ो**<br>**नवंबर 2021 – स्वच्छ व्यवहार - स्वच्छ त्योहार**<br>**दिसंबर 2021 – स्वच्छता सबका संकल्प, स्वच्छता सबकी जिम्मेदारी**<br>**जनवरी 2022- स्वच्छ आदतें अपनाओ, खुशहाल जीवन पाओ**<br>**फरवरी 2022 – घर एवं समुदाय स्तर पर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के फायदे**<br>**मार्च 2022- घर एवं समुदाय स्तर पर तरल अपशिष्ट प्रबंधन के फायदे**<br>(प्रतियोगितयों से प्रविष्टियां मंगाने हेतु जिला द्वारा ई-मेल आईडी एवं वाटसएप नंबर का समाचार पत्रों में खबर प्रकाशन कर प्रचार प्रसार किया जाएगा)<br>**2-गांव स्तर:** सुबह-शाम निगरानी, फॉलोअप सहित पत्रांक 284974 के बिंदु 5.00 में निदेशित स्थायी गतिविधियां |
| **पांचवा दिन** | **1- गांव स्तर : संध्या चौपाल में स्वच्छता पर चर्चा :** गांव में मुखिया, वार्ड मेंमर, जीविका दीदियों, भागीदारों, समुदाय के लोगों के साथ संध्या चौपाल में शौचालय के नियमित उपयोग तथा स्वच्छ आदतें अपनाने के फायदे एवं माह विशेष के मुख्य संदेशों पर चर्चा। चौपाल के अंत में ग्रामीणों द्वारा अपने गांव को 'खुले में शौच से मुक्त' बनाए रखने एवं ODF-Plus (साफ-सुथरा एवं संपूर्ण स्वच्छ) बनाने का संकल्प लिया जाना<br>**2-गांव स्तर:** सुबह-शाम निगरानी, फॉलोअप सहित पत्रांक 284974 के बिंदु 5.00 में निदेशित स्थायी गतिविधियां |
| **छठा दिन** | **1-जिला, प्रखंड एवं ग्राम पंचायत स्तर :** समुदाय आधारित नवोन्मेषी (Innovative) गतिविधि का संचालन<br>**2-गांव स्तर** : शौचालय का नियमित उपयोग तथा व्यवहार परिवर्तन के स्थायित्व हेतु चिन्हित समुदाय / व्यक्ति के घर जाकर (डोर-टू-डोर) IPC / BCC<br>**2-गांव स्तर:** सुबह-शाम निगरानी, फॉलोअप सहित पत्रांक 284974 के बिंदु 5.00 में निदेशित स्थायी गतिविधियां |
| **सातवां दिन** | **1-गांव स्तर :** अनुसूचित जाति / जनजाति टोले/बसावटों एवं सामुदायिक स्वच्छता परिसर (निर्मित या निर्माणाधीन) वाले क्षेत्रों में Key Messages पर समूह चर्चा एवं सामूहिक सफाई अभियान का संचालन<br>**2-गांव स्तर:** सुबह-शाम निगरानी, फॉलोअप सहित पत्रांक 284974 के बिंदु 5.00 में निदेशित स्थायी गतिविधियां |